Ans. (c) : राजस्थान राज्य के 3000मीटर स्टीपल चेज के ओलम्पियन एवं राष्ट्रीय कीर्तिमान एथलीट का नाम गोपाल सैनी है। स्टीपल चेज में गोपाल सैनी का रिकार्ड वर्ष 2022 के राष्ट्रमंडल खेल में अनिवाश साबले ने तोड़ा। सैनी ने 5 जून- 1981 को टोक्यो ओलम्पिक (जापान) में 3000 मीटर स्टीपल चेज रिकार्ड बनाया था।

788. राजस्थान राज्य के किस अन्तर्राष्ट्रीय निशानेबाज को 2016 को अर्जुन पुरस्कार दिया गया?

(a) कर्नल राज्यवर्धन सिंह (b) परमजीत सिंह
(c) करणसिंह (d) अपूर्वी चन्देला

RPSC-2017

Ans. (d) : अपूर्वी चन्देला का जन्म राजस्थान के जयपुर में हुआ था। यह शूटिंग विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय निशानेबाज हैं इनको वर्ष 2016 में अर्जुन पुरस्कार दिया गया।

789. 20-21 अगस्त 2016 को जयपुर में आयोजित ब्रिक्स महिला सांसद सम्मेलन का उद्घाटन किसने किया?

(a) सुमित्रा महाजन (b) वसुंधरा राजे
(c) सुषमा स्वराज (d) नज़मा हेपतुल्ला

RPSC-2017

Ans. (a) : 20-21 अगस्त, 2016 को जयपुर में आयोजित ब्रिक्स महिला सासद सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने किया था। वर्ष 2022 का ब्रिक्स शिखर सम्मेलन चीन में हुआ है।

790. ''राजस्थान पाठ्यपुस्तक बोर्ड'' जहाँ स्थित है-

(a) अजमेर (b) बीकानेर
(c) उदयपुर (d) जयपुर

RPSC, Ajmer Exam Date-11-04-2015

Ans. (d) : राजस्थान पाठ्यपुस्तक बोर्ड की स्थापना वर्ष 1973 में एक स्वायत्त संस्था के रूप में जयपुर में किया गया था तथा 1 जनवरी 1974 से इसने अपना कार्य प्रारम्भ कर दिया था।

791. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान संचालित करता है–

(a) परिक्षाएँ
(b) पाठ्यपुस्तकों सज प्रकाशन
(c) मूल्यांकन कार्य हेतु प्रशिक्षण
(d) उपर्युक्त सभी

RPSC, Ajmer Exam Date-11-04-2015

Ans. (d) : राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (BSER) की स्थापना 4 दिसम्बर 1957 को राज्य सरकार की एक सरकारी एजेंसी के रूप में की गयी थी। जिसका मुख्य उद्देश्य माध्यमिक स्तर की परीक्षाएं कराना, कॉपियों की जाँच एवं मूल्यांकन कराना, अंक पत्र तैयार कराना, पाठ्यक्रम एवं पाठ्य पुस्तकों का प्रकाशन कराना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को संचालित करना है।

792. लच्छीराम की पहचान किस क्षेत्र में रही?

(a) शेखावाटी ख़्याल (b) कुचामनी ख़्याल
(c) हेला ख़्याल (d) तुर्रा कलंगी ख़्याल

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (b) : लच्छीराम की पहचान कुचामनी ख्याल के क्षेत्र में रही है। कुचामनी ख्याल का उद्गम नागौर जिले के कुचामन शहर में हुआ है। इसका प्रवर्तन लोक नाट्यकार लच्छीराम द्वारा किया गया। इसका रूप गीत-नाट्य या ऑपेरा जैसा होता है। इसमें लोकगीतों की प्रधानता होती है। इसे खुले मंच पर प्रस्तुत किया जाता है।

793. स्वतंत्रता संग्राम के दौरान निम्नलिखित में से कौनसी महिला जेल नहीं गई?

(a) काली बाई (b) रत्ना शास्त्री
(c) नारायणी देवी (d) अंजना देवी

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (a) : स्वतंत्रता संग्राम के दौरान काली बाई जेल नहीं गई थी। काली बाई को साक्षरता और आधुनिक एकलब्य की देवी के रूप में जाना जाता है।

794. परमवीर चक्र से सम्मानित होने वाले प्रथम राजस्थानी कौन था?

(a) शैतान सिंह (b) पीरू सिंह
(c) योगेन्द्र सिंह (d) होशियार सिंह

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (b) : परमवीर चक्र से सम्मानित होने वाले प्रथम राजस्थानी राजपूताना राइफल्स की छठी बटालियन कंपनी के हवलदार शहीद पीरू सिंह शेखावत जी थे। ये भारत के दूसरे परम वीर चक्र से सम्मानित वीर सैनिक थे। वर्ष 1947 ई. में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में अदम्य साहस दिखलाने व भारत माता की रक्षाकर अपने प्राणों को न्यौछावर करने हेतु उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

795. उदयपुर में राजस्थान महिला परिषद् की संस्थापक कौन थी?

(a) शांता त्रिवेदी (b) कृष्णा व्यास
(c) लक्ष्मीदेवी काबरा (d) कमला स्वाधीन

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (a) : उदयपुर में 'राजस्थान महिला परिषद्' की स्थापना वर्ष 1947 ई. में शांता त्रिवेदी ने की थी। राजस्थान में महिला जागरण की दिशा में इन्होंने महत्वपूर्ण कार्य किया। शांता त्रिवेदी का जन्म नागपुर (महाराष्ट्र) में हुआ था।

796. हिम्मताराम भाँभू, जो कि पद्म पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं, ... के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं–

(a) खेल (b) संगीत
(c) ललित कला (d) पर्यावरण

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (d) : राजस्थान के नागौर जिले के निवासी हिम्मताराम भाँभू जो 2020 पद्म श्री पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं, वह पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। प्रकृति प्रेमी, पर्यावरण संरक्षक व पर्यावरणविद् हिम्मतराम भाँभू अब तक पाँच लाख से अधिक पौधे लगा चुके हैं। पर्यावरण संबंधी कार्यों के लिए उन्हें 'राजीव गाँधी पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार-2014' व 'राजस्थान राज्य अमृता देवी बिश्नोई पुरस्कार-2003' से सम्मानित किया गया है।

797. स्वतंत्रता सेनानी श्री केसरीसिंह बारहठ की जन्म स्थली है–

(a) नसीराबाद (b) खरवा
(c) माण्डलगढ़ (d) शाहपुरा

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021